हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

12 कोबी ने उद्योगपतियों को किया जागरूक



12 आर्य समाज के संस्थापक की 202वीं जयंती मनाई



## खबर संक्षेप

### बीपीएल महिलाओं को मिलेगा चालक और आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**झज्जर।** हरियाणा महिला विकास निगम पंचकूला द्वारा बीपीएल वर्ग की महिलाओं और लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 21 दिवसीय चालक एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण बहादुरगढ़ तथा रोहतक स्थित मारुति सजुकी ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित होगा। निगम के प्रवक्ता ने बताया कि यह प्रशिक्षण केवल हरियाणा की स्थायी निवासी बीपीएल महिलाओं व लड़कियों के लिए है। जिसके लिए आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** शहर में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 40 वर्षीय सुबोध के रूप में हुई है। सुबोध मूलतः बिहार के मोतिहारी जिले से था और पिछले कुछ समय से यहां लाइनपार के शास्त्री नगर में रह रहा था। बताते हैं कि बुधवार को वह ट्रैक क्रॉस करते वक्त ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी जान चली गई। सूचना पाकर जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### नकद पुरस्कार के लिए कल तक होंगे आवेदन

**झज्जर।** जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि 38वें नेशनल गेम्स 2025, उत्तराखंड में जिला का प्रतिनिधित्व करने वाले पदक विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ी नकद पुरस्कार प्राप्त करने के लिए खेल विभाग की वेबसाइट हरियाणा खेल कैशअवार्ड डॉट इन पर शनिवार तक अपना ऑनलाइन आवेदन अवश्य करें। यह नकद पुरस्कार योजना खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने तथा सम्मान करने के उद्देश्य से चल रही है।

### 12 चालक-परिचालकों को किया बहाल

**झज्जर।** कुरुक्षेत्र के उमरी में 31 जनवरी को संत गुरु रविदास जयंती पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में बसें न ले जाने के कारण झज्जर रोडवेज विभाग के करीब 12 चालक और परिचालकों को निलंबित कर दिया गया था। यह मामला काफी चर्चा में रहा था। इसके बाद रोडवेज यूनियनों और कर्मचारी संगठनों के विरोध के बाद इन सभी कर्मचारियों को चार्जशीट करते हुए बहाल करने का आदेश दिया गया है। महाप्रबंधक संजीव तिहाल ने बताया कि कर्मचारियों की कमी के कारण इनको चार्जशीट करते हुए बहाल कर दिया गया है। बता दें कि निलंबित किए गए रोडवेज कर्मचारियों में वीरसैन, मनीष, मनोज, दीप सिंह, सत्येंद्र, महेश, अशोक, कर्मवीर, दिनेश, अमरपाल और दीपक शामिल थे।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल का जिले में दिखा आंशिक असर, दौड़ती रहीं रोडवेज बसें, बैंकों में कामकाज रहा प्रभावित

*मिड डे मील, आंगनबाड़ी वर्कर्स व सफाई कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन*

# काम छोड़कर लघु सचिवालय में की नारेबाजी

# बैंकों में हड़ताल से 300 करोड़ का लेनदेन अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर वीरवार को हुई राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आंशिक असर देखने को मिला। अन्य दिनों की तरह ही सड़कों पर अधिकतर रोडवेज बसें सरपट दौड़ती हुई दिखाई दीं। बिजली और पेयजल आपूर्ति भी दिनभर निर्बाध हुई। इसके अलावा बाजार खुले रहे और सरकारी कार्यालयों में भी कामकाज लगभग रूटीन की तरह ही हुआ। राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आम जनमानस से जुड़ी सुविधाओं पर कम ही असर पड़ा। वहीं, आंगनबाड़ी, मिड डे मील, सफाई कर्मचारियों, अध्यापक संघ, ग्रामीण सफाई कर्मचारी आदि कर्मचारी संगठनों ने लघुसचिवलाय परिसर में धरना प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की। बाद में कर्मचारियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। इसके अलावा जिले भर में करीब 75 प्रतिशत सरकारी बैंक कर्मी हड़ताल पर रहे, जिसके कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि निजी बैंक खुले रहे और कामकाज भी हुआ। मिली जानकारी के अनुसार बैंक कर्मियों की हड़ताल के कारण करीब 300 करोड़ रुपये का कामकाज प्रभावित हुआ, जिस वजह से व्यापारी परेशान रहे।

- संबंधित खबरें पेज 11 पर



झज्जर। लघुसचिवालय परिसर के नजदीक ग्रीन बेल्ट में धरनारत कर्मियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

### बैंकों की 60 शाखाओं के कर्मी हड़ताल पर रहे

वीरवार को बैंक कर्मियों की हड़ताल के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा निजी बैंक अन्य दिनों की अपेक्षा खुले रहे और कामकाज भी हुआ। एलडीएम कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार करीब 50 करोड़ रुपये के कैश व करीब 250 करोड़ रुपये के चैक व अन्य राशि का आदान प्रदान नहीं हो पाया। एलडीएम कार्यालय के मैनेजर रणसिंह का कहना है कि सरकारी बैंकों की 60 शाखाओं के कर्मचारी हड़ताल पर रहने से करीब 300 करोड़ रुपये का लेनदेन प्रभावित हुआ है।



झज्जर। नगर परिषद परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी।

### हड़ताल से प्रभावित रही सफाई व्यवस्था

**बहादुरगढ़।** सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर वीरवार को हुई राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बहादुरगढ़ नगर परिषद के 203 पक्के तथा ठेके के अधीन कार्यरत कर्मचारी शामिल हुए। नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले इन हड़ताली कर्मचारियों ने जोरशोर से अपनी मांग उठाई। हड़ताल के चलते शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई। हड़ताल का नेतृत्व इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने किया, जबकि संचालन सचिव अमित परनाला ने किया। सुबह कर्मचारी नगर परिषद गेट पर एकत्र हुए और फिर शहर में हुए प्रदर्शन में शामिल हुए। कर्मचारियों ने सरकार से 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को नियमित करने, ठेका प्रथा समाप्त करने, चार श्रम कानून रद्द करने, नियमित भर्ती करने, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये निर्धारित करने, आठवां वेतन आयोग लागू करने सहित अन्य मांग उठाई। कर्मचारियों ने कहा कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जिला प्रधान राजेंद्र, राज्य संगठनकर्ता राजपाल, इकाई कैशियर मुकेश, उपप्रधान अजय, ऑडिटर संदीप, दरोगा वेदपाल, सुनील, होशियार सिंह सहित कई कर्मचारी हड़ताल में शामिल थे।

### आंदोलनकारियों की कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व पुरानी पेंशन बहाली की मांग



झज्जर। बस स्टैंड परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए रोडवेज कर्मचारी।

सर्व कर्मचारी संघ एवं सीआईटीयू से संबंधित कर्मचारी संगठनों ने लघुसचिवालय परिसर में धरना प्रदर्शन एसकेएस के जिला प्रधान रामबीर और सीआईटीयू की सचिव किरण बरहाना की अध्यक्षता में किया। इस दौरान अपने संबोधन में कर्मचारी नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार दोनों ही आमजन की समस्यायों के प्रति गंभीर नहीं हैं। माननीय कोर्ट के आदेश के उपरांत भी दस साल की सेवा पूरी कर चुके कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने में उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। परियोजना कर्मियों को लगातार अव्यवहारिक कामों में लगाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। जिसके कारण कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष बना हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रमुख मांगें कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, पुरानी पेंशन बहाली, हरियाणा रोजगार कौशल निगम को तुरंत भंग करने तथा कार्यरत कर्मचारियों को पक्का करने, वरिष्ठ नागरिकों को सभी प्रकार के लाभ देने, आनलाइन ट्रांसफर के नाम पर पदों की समाप्ति, विभागों में रिक्त पदों पर नियमित भर्तियां, समयबद्ध पदोन्नति, रिटायर्ड कर्मचारियों की क्रमिक पेंशन वृद्धि आदि है।



बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर धरनारत सफाई कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

*कमेटी चौक पर चोरों ने तीन दुकानों को बनाया निशाना*

## गारमेंट शॉप में नकदी व सूट चोरी के बाद ज्वेलरी शोरूम के भी दो दरवाजे उखाड़े

*ज्वेलरी शोरूम में तीसरी बार हुआ वारदात का प्रयास, सुरक्षा की मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बुधवार रात को चोरों ने यहां कमेटी चौक के निकट एक गारमेंट्स शॉप में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इतना ही नहीं साथ लगते ज्वैलरी शोरूम व एक अन्य दुकान के दरवाजों को नुकसान पहुंचाकर भी वारदात का प्रयास किया, लेकिन अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके।

दरअसल, शहर निवासी प्रिंस की यहां कमेटी चौक पर नेहा गारमेंट्स नाम से दुकान है। इस दुकान में चोरी की यह वारदात हुई है। दुकान मालिक के अनुसार, करीब 40 हजार रुपये के सूट व 17 हजार रुपये की नकदी चोरी हुई है। सुबह जब उन्होंने दुकान खोली तो वारदात का पता चला। अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। कुछ दरवाजे खुले तो सबसे ऊपर का दरवाजा उखड़ा हुआ था। सूचना पाकर सिटी थाना पुलिस व सीआईए की टीमें मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एसीपी क्राइम प्रदीप नैन ने भी वारदात स्थल का जायजा लिया।




बहादुरगढ़। दुकानों के बाहर मौजूद पुलिस, दुकानदार व अन्य।



बहादुरगढ़। दुकान में बिखरा सामान।

### ज्वेलरी शोरूम का एक गेट नहीं टूटा

प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि चोर गारमेंट शॉप के साथ लगते हरि ज्वेलर्स शोरूम को लगातार निशाना बनाने का प्रयास कर रहे हैं। गारमेंट शॉप में घुसने के बाद ज्वेलरी शोरूम में घुसने के लिए चोरों ने लकड़ी के दो दरवाजे उखाड़ दिए, लेकिन तीसरा लोहे का गेट नहीं खुला। इसके बाद चोरों ने साथ लगती एक अन्य दुकान के ऊपर वाले गेट को भी उखाड़ने का प्रयास किया। कामयाब नहीं हुए तो नेहा गारमेंट से सामान समेटकर भाग निकले। पीछे लगती गली में मौजूद बरगद के पेड़ के जरिये चोरों द्वारा नेहा गारमेंट्स में दाखिल होने की संभावना जताई गई है।

### *रात में बंद थे गारमेंट शॉप के कैमरे, दूसरी जगह जांच की*

*हरि ज्वेलर्स के संचालक आकाश वर्मा ने कहा कि हमारी दुकान में तीसरी बार चोरी का प्रयास हुआ है और साथ लगती दुकान में चोरी हुई है। पुलिस जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर वारदात सुलझाए और रात्रि सुरक्षा दुरुस्त करे। वहीं, जिस दुकान में चोरी हुई है, रात के समय उसके कैमरे चालू नहीं थे। उधर, पुलिस की कई टीमें विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही है। पुलिस का कहना है कि वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द से जल्द मामले को सुलझाया जाएगा।*

### टोल प्लाजा के पास कार की चपेट में आने से प्रवासी की मौत

**बहादुरगढ़।** रोहद टोल प्लाजा के निकट कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू करा दी है। परिजनों के बयान पर इस संबंध में आरोपी स्कोडा कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 51 वर्षीय राजकुमार के रूप में हुई है। बिहार के मधुबनी जिले का राजकुमार तीन भाइयों में बड़ा था और फिलहाल परिवार सहित गुरुग्राम रहता था। उसका एक भाई संजय राउत यहां रोहद में रहता है।

राजकुमार बुधवार को अपने भाई से मिलने के लिए रोहद में आया हुआ था। देर सायं वापसी के लिए वह किसी वाहन में बैठने के लिए रोहद टोल प्लाजा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आई स्कोडा कार की चपेट में आ गया। शिकायतकर्ता संजय राउत के अनुसार, कार से टक्कर लगने के बाद उसका भाई राजकुमार उछलकर काफी दूर जा गिरा। उसे गंभीर चोट आई। सांपला के एक निजी अस्पताल लेकर गए तो पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया गया।

*सिलानी गेट के पास 4 युवकों ने चाकू मारे*

## शादी से लौट रहे प्रवासी वेटरों पर जानलेवा हमला, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सिलाना गांव के एक विवाह समारोह से वापिस लौट रहे प्रवासी वेटर जब शहर के सिलानी गेट पहुंचे तो उनके साथ चार युवकों द्वारा जानलेवा हमला करने की वारदात को अंजाम दिया गया। घायल हुए दो वेटरों में से एक को गंभीर हालत के चलते रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर मौका मुआयना किया। वीरवार सुबह शहर थाना प्रभारी बलदेव पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तथा जानकारी जुटाई।

टीकमगढ़ मध्यप्रदेश के केशवगढ़ खास निवासी राजकुमार अहिरवार पुत्र पप्पू ने बताया कि वह बेरी गेट स्थित एक मकान में किराए पर रहता है। वे विवाह शादियों में वेटर का कार्य करते हैं। बुधवार रात करीब पौने बारह बजे वह सिलाना गांव के विवाह समारोह में काम करने के बाद अपने साथी यूपी के तलई गांव निवासी बंदिश पुत्र गेंदालाल, बीरु, दीपक, अरविंद व अनिल के साथ वापिस लौट रहा था। सिलानी गेट मेन बाजार में घूम रहे चार अज्ञात युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू कर दी। जब वे मौके से भागने लगे तो आरोपी युवकों ने उसे व उसके बंदिश को पकड़ते हुए थप्पड़ व मुक्कों के साथ मारपीट की। राजकुमार का आरोप है कि इस दौरान एक युवक ने पीछे से उसकी पीठ में चाकू से वार किया वहीं बंदिश के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में ईंट व चाकू से चोट पहुंचाई। इसके बाद आरोपी भाग गए।बंदिश पीजीआई में उपचाराधीन है। पुलिस ने दो युवकों को नामजद किया है, जिनमें एक सिलानी गेट तथा दूसरा दिल्ली गेट का निवासी बताया गया है।



सिलानी गेट पर जांच करती पुलिस।

*समाधान शिविर में पार्षद जयपाल सिंह बांगड़ ने दी शिकायत*

## मंजूरशुदा 30 लाख रुपये कॉलोनी के विकास में नहीं लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

प्रदेश सरकार द्वारा शहर की किला कॉलोनी में विकास कार्यों के लिए भेजी गई राशि का अभी तक उपयोग न करने का आरोप नगर परिषद अधिकारियों पर लगाया गया है। अपनी शिकायत लेकर समाधान शिविर पहुंचे नगर पार्षद जयपाल सिंह बांगड़ ने कहा कि विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री द्वारा घोषित करीब 28 से 30 लाख रुपये की राशि का उपयोग अभी तक नहीं किया गया है। यदि समय रहते भेजी गई राशि को खर्च नहीं किया गया तो वह वापिस जा सकती है। शिकायत में बताया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा शहर की 32 कॉलोनियों को वैध किया गया था। उस दौरान किला कॉलोनी का कुछ हिस्सा अप्रूवर्ड नहीं हो पाया था।




झज्जर। जिलास्तरीय समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### *किला कॉलोनी के लिए 1.11 करोड़ का भेजा था एस्टीमेट, करीब 30 लाख की आई थी अप्रूवल*

*नगर परिषद किला कॉलोनी की गली के विकास कार्य के लिए करीब एक करोड़ ग्यारह लाख रुपये का एस्टीमेट बनाकर सरकार को भेजा था। उसके बाद सीएम द्वारा जनहित में संबंधित कॉलोनी के विकास के लिए 28 से 30 लाख रुपये करीब एक वर्ष पूर्व भेजे गए थे। पार्षद का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा अभी तक वह राशि विकास कार्यों पर खर्च नहीं की गई जिसकी जांच होनी चाहिए, क्योंकि सरकारी की विकास नीति के अनुसार वर्ष की समाप्ति पर संबंधित राशि वापिस सरकारी खजाने में जा सकती है। उन्होंने जिला प्रशासन से समय रहते संबंधित राशि को कॉलोनी की गली में विकास के लिए खर्च किए जाने की गुहार लगाई है। उधर, वीरवार को आयोजित जिलास्तरीय समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्या के जल्द समाधान के निर्देश दिए।*

### पशुओं की मौत का मामला डीसी के सामने उठाया



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव नौगांवा में फैले वायरस के कारण हुई पशुओं की मृत्यु मामले में जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने वीरवार को डीसी रविंद्र स्वप्निल पाटिल व पशुपालन विभाग के उपनिदेशक मनीष डबास के साथ विस्तृत चर्चा की। जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने बताया कि बैठक में प्रभावित गांव की स्थिति, पशुओं की मृत्यु के कारणों तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के उपायों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। इस आपदा से प्रभावित गरीब पशुपालकों को शीघ्र एवं उचित मुआवजा दिलाने के विषय में भी बात की गई। जिला प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया है कि प्रभावित पशुपालकों को नियमानुसार सहायता प्रदान की जाएगी तथा गांव में आवश्यक चिकित्सकीय एवं रोकथाम संबंधी कदम तत्काल प्रभाव से उठाए जाएंगे।

### पीएचसी जसोरखेड़ी से सामान चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव जसोरखेड़ी स्थित पीएचसी में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर फ्रिज, फर्नीचर, इनवर्टर बैटरी सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। शिकायत के आधार पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता सुदेश का कहना है कि वह पीएचसी जसोरखेड़ी में फार्मासिस्ट आफिसर हैं। सुबह वार्ड सर्वेंट कविता ने फोन पर सूचना दी कि पीएचसी में वारदात हुई है। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। जांच करने पर कमरा नंबर दो से फ्रिज की दो वोल्टेज, कमरा नंबर तीन से इनवर्टर और चार बैटरी, कमरा नंबर चार से छोटा फ्रिज, केमिकल टेस्ट किट, कमरा नंबर सात से कुर्सी तथा कमरा नंबर 14 से कुर्सी व स्टूल गायब थे। वारदात से काफी नुकसान हुआ है।

JUPITER PUBLIC SCHOOL, ROHAD
NH-9, ROHAD BYPASS, NEAR ROHAD TOLL PLAZA
Ph:- 8053959764, Email-jpsrohad@yahoo.co.in
Requires PGTS, TGTS, PRTS, NTTS, ACCOUNTANT, CLERKS, COMPUTER OPERATOR & COMPUTER TEACHER
Walk in for subject written Test, Teaching Demo & Interview On 14 February 2026 (SATURDAY)
Time: 09:00 AM-01:00 PM
Transport facility for staff from Bahadurgarh & Sampla.
Admission Open:-Nursery, L.K.G & U.K.G (2026-2027)

स्पेशल: वर्ल्ड रेडियो-डे

# ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना

# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना



बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यम:** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियो:** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतत्रंता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायक:** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचायी।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियो:** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदान:** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।




जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियो:** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणी:** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मोर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

## कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशन:** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

**पहली सिग्नेचर धुन:** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंस:** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।




# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।

**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन:** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।



**इसलिए कहते हैं ब्लैक सी:** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे वह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माण:** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

## ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट ये बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1 गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।



2 एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3 चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।


-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक



## जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तर:** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा

**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वाले:** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव



एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।


'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताब:** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह), **लेखक:** गोविंद शर्मा, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: [illegible]

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



## विरोध प्रदर्शन के दौरान मोदी और ट्रंप के पुतले फूंके, ट्रेड डील की प्रतियां जलाईं

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल में किसानों ने जुलूस निकाल दिखाई ताकत



बहादुरगढ़। दिल्ली रोहतक रोड पर प्रदर्शन करते किसान, श्रमिक व कर्मचारी।

### महंगाई की प्रतिपूर्ति के रूप में 5 हजार रुपये मासिक अंतरिम राहत देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वीरवार को आयोजित राष्ट्रव्यापी हड़ताल में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने भी कर्मचारी-श्रमिक संगठनों के साथ मिलकर सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया। शहर के देवीलाल पार्क से पुराने बस स्टैंड तक जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मोदी व ट्रंप के पुतले तथा मुक्त व्यापार समझौतों की प्रतियां फूंकीं।


झज्जर। अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए आंगनबाड़ी वर्कर।

वीरवार सुबह देवीलाल पार्क में बैठक हुई। इसमें जयकरण मांडोठी, बिजेंद्र सैनी, बंसीलाल, राजपाल, मुकेश मोरखी, अनीता भागलपुरी, राकेश कुमार, प्रदीप छिकारा, राजेंद्र तूषामड़, राजेश कुमार, दिलबाग सिंह दलाल, सतबीर दहिया तथा सुमित छिकारा ने अपने विचार रखे। सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान बिजेंद्र सैनी ने कहा कि 4 श्रम संहिताओं की वापसी, बिजली बिल विधेयक 2025 को रद्द करने, 31 दिसंबर 2025 के पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को लागू करने, वेतन आयोग 1 जनवरी 2026 से लागू किए जाने के उद्देश्य से राज्य के कर्मचारियों के लिए अलग वेतन आयोग का गठन करने, महंगाई की प्रतिपूर्ति के रूप में 5 हजार रुपये मासिक अंतरिम राहत देने, बीज विधेयक 2025, वीबी जी राम जी अधिनियम 2025 को वापस लेने, पुरानी पेंशन योजना 1 जनवरी 2006 से बहाल करने का निर्णय लिया जाए।

### किसानों को मिले 50 हजार रुपये मुआवजा

एसकेएम नेता जयकरण मांडोठी ने किसान को संपूर्ण कर्ज मुक्ति करने, एमएसपी गारंटी कानून बनाकर लागू करने, बर्बाद फसलों पर 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने, प्राइवेट बीमा कंपनियों को कृषि बीमा क्षेत्र से बाहर करने, मनरेगा बहाल कर साल में 200 दिन काम और 800 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी देने, महंगाई और बेरोजगारी पर रोक लगाने की मांग उठाई। प्रदर्शन में सुरजीत सिंह, बलवान सिंह, सुमेश कौशिक, धनराज तहलान, सतबीर सिंह बल्हारा, प्रवीण पहलवान, जिले सिंह, श्रीकृष्ण दलाल, रामबीर राठी, जयभगवान, रण सिंह, शमशेर सिंह, विनोद कुमार, सतपाल सिंह, बलजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, विकास दुजाना, प्रकाशी राठी, गीता, शुभम, उमेश शर्मा, डॉ. जगदीश व कुलदीप छिकारा आदि शामिल रहे।



### बुपनिया में भी हड़ताल के समर्थन में दिया धरना

**बहादुरगढ़।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में इलेक्ट्रिसिटी वर्कर यूनियन की सब यूनिट बुपनिया में भी धरना प्रदर्शन किया गया। सब यूनिट प्रधान नरेश, सचिव अनिल पहलवान, कैशियर ललित, राजेश, संजय आदि ने सरकार की नीतियों का पुरजोर विरोध किया।



### बिजली कर्मियों ने दो घंटे रोष प्रदर्शन किया

**बहादुरगढ़।** एचएसईबी वर्कर यूनियन की बहादुरगढ़ यूनिट ने भी राष्ट्रव्यापी हड़ताल को समर्थन दिया। कर्मचारियों ने कार्यालय के गेट पर दो घंटे का धरना प्रदर्शन देकर विरोध जताया। इसकी अध्यक्षता सुरेंद्र देशवाल ने की, जबकि संचालन बलवंत यादव ने किया। सर्कल सचिव बिजेंद्र फोगाट, सुमित देशवाल, सचिव अमित, रवींद्र देशवाल, जेई मुकेश, प्रवीण, जगमोहन आदि मौजूद रहे।

## एचएसवीपी कर्मचारियों ने हड़ताल की चेतावनी दी

- ठेका प्रथा समाप्त करने व कच्चे कर्मियों को एचकेआरएन में समायोजित करने की मांग



बहादुरगढ़। एचएसवीपी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

एचएसवीपी जनस्वास्थ्य कर्मचारी वीरवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल तो नहीं हुए लेकिन मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जरूर किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान रमन जून ने की, जबकि संचानलन जिला सचिव रमेश बिधलान ने किया। कर्मचारियों ने ठेका प्रथा समाप्त करने, बूस्टिंग स्टेशनों पर शौचालय बनवाने, कच्चे कर्मियों को एचकेआरएन में समायोजित करने सहित कई मांग उठाई गई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सभी मांगें पूरी नहीं की गई व ठेकेदारों द्वारा उत्पीड़न व तानाशाही बंद नहीं की गई तो कभी भी सेक्टरों का सीवर-पानी बंद किया जा सकता है। मदन मोहन नागर, अजीत सिंह, सतीश कुमार, प्रमोद कुमार, विकी, विकास, शुभम सोलंकी, हवा सिंह, जयप्रकाश, जतिन छिकारा आदि प्रदर्शन में शामिल थे।

## खबर संक्षेप


स्वप्निल रविंद्र पाटिल, डीसी झज्जर।

### जिले में 55 हजार 248 बनी फार्मर आईडी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित सभी कृषि योजनाओं का लाभ फार्मर आईडी के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाएगा, इसलिए कोई भी पात्र किसान इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है और सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कुल 55 हजार 248 किसानों की डिजिटल एग्री स्टैक फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है।

### जातिसूचक टिप्पणी का आरोप लगाया, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** खरहर की सरपंच ने गांव के ही एक व्यक्ति पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और हाथापाई करने का आरोप लगाया है। शिकायत में सरपंच पिंकी ने कहा है कि गत 10 फरवरी को गांव की चौपाल में आयोजित विशेष ग्राम सभा की बैठक में पहुंचने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। उन्हें अपमानजनक व जातिसूचक शब्द कहे गए। उनके और उनके पति सुरेंद्र के साथ गाली-गलौज व धक्का-मुक्की की गई। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने आरोपी राजेश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपों की सत्यता जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

### विश्वकर्मा मार्ग पर कल लगेगा आई चेकअप कैंप

**बहादुरगढ़।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार 14 फरवरी को फ्री नेत्र चिकित्सा कैंप का आयोजन किया जाएगा। विश्वकर्मा मार्ग पर स्थित राजपाल जांगड़ा के निवास पर लगने वाले कैंप में लॉर्ड शिवा आई अस्पताल की टीम द्वारा नेत्र जांच के साथ फिजियोथेरेपी कैंप लगेगा।

## स्वयंसेविकाओं ने रैली निकालकर किया ग्रामीणों को जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय द्वारा खातीवास के राजीव गांधी सेवा केंद्र में चलाए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्ति व पर्यावरण सरंक्षण को लेकर जागरुकता रैली निकाली। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर अनु बरवड़ ने बताया कि एनएसएस गीत के साथ शुरू हुए इस शिविर में स्वयंसेविकाओं की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के दौरान स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्त स्वच्छ पर्यावरण से अवगत कराने के लिए नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरुक किया। इसके उपरांत योगा ट्रेनर सुरेंद्र कुमार ने योगासन व प्राणायामों का अभ्यास कराया। स्वयंसेविका पुष्पा ने सभी को सूर्य नमस्कार कराया। स्वास्थ्य परामर्शदाता संदीप जांगड़ा ने स्वयंसेविकाओं के साथ स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी सांझा की। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नंदिनी ने मासिक धर्म संबंधी समस्याएं, हार्मोनल संतुलन, प्रजनन तंत्र की देखभाल आदि से अवगत कराया। इसके उपरांत घोषित स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्लोगन में कुमारी पायल को प्रथम, कुमारी नैंसी को द्वितीय व कुमारी बंटी व मुस्कान को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। व्याख्यान सत्र में जयकिशन सिंह ने स्टार्टअप और बेरोजगारी कम करने की जानकारी दी।

## महिलाओं को दी निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी


झज्जर। कार्यक्रम में महिलाओं के साथ उपस्थित संस्थान अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के गांव समसपुर माजरा में उधमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान संकाय सतपाल सिंह ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी साधन है। शिक्षित होकर वे अपने परिवार और समाज को बेहतर दिशा प्रदान कर सकती हैं। संस्थान द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 60 तरह के अलग-अलग निःशुल्क प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। महिलाओं को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। इस दौरान महिलाओं को बैंक में खाता खुलवाने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा योजना व ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर सरपंच सतपाल, स्वच्छ भारत मिशन से ब्लाक कोर्डिनेटर मीनू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## एसडीएम अभिनव ने सुनीं समस्याएं


बहादुरगढ़। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम अभिनव सिवाच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

एसडीएम अभिनव सिवाच ने लघु सचिवालय में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनीं। एसडीएम ने धैर्यपूर्वक लोगों की बात सुनीं और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। अधिकारी समयबद्ध ढंग से शिकायतों का निपटारा करें। इस अवसर नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे।

## बारहवीं के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई



**झज्जर।** कैंब्रिजइंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में सीनियर विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन एवं प्रार्थना से हुई। ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए जूनियर्स का मार्गदर्शन दिया तथा शिक्षकों के सहयोग और विद्यालय के अनुशासित वातावरण पर आभार जताया। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने विद्यार्थियों को जीवन में सही निर्णय लेने, व निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी।

## रोल प्ले में नन्हे छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

- विभिन्न खेल प्रतियोगितायों में सुभाष सदन रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏩ झज्जर

आरईडी विद्यालय में नर्सरी व एलकेजी के विद्यार्थियों के लिए रोल प्ले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा को मनोरंजन के साथ जोड़ते हुए विद्यार्थियों ने सामान्य जागरूकता के अध्याय हमारा सहायक शीर्षक पर रोल प्ले किया। विद्यार्थियों ने पुलिस, डॉक्टर, शिक्षक, शेफ, पोस्टमैन, नाई आदि विभिन्न सहायक भूमिकाओं का सजीव अभिनय किया। उन्होंने अपनी वेशभूषा और संवादों के माध्यम से समाज में इन सभी सहायकों के महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।



झज्जर। विभिन्न वेष भूषाओं में उपस्थित नन्हें विद्यार्थी।

प्राचार्या गीता गाबा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होती हैं। उधर, आरईडी विद्यालय की छुछकवास शाखा में तीसरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के वर्ग में टैगोर सदन प्रथम, गांधी सदन द्वितीय व रमन तथा सुभाष सदन के विद्यार्थी संयुक्त रूप से तृतीय रहे। छठी से आठवीं कक्षा तक के वर्ग में सुभाष सदन ने पहला, रमन सदन ने दूसरा व गांधी सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## महाशिवरात्रि पर कांवड़ लेकर पहुंच रहे शिव भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏩ झज्जर

फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि रविवार को मनाई जाएगी। वीरवार को शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर वाल्मीकि चौक पंहुचे। यहां उन्होंने कुछ देर विश्राम किया और रेवाड़ी अपने गंतव्य की ओर पैदल यात्रा शुरू की। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पृथ्वी पर मौजूद सभी शिवलिंग में विराजमान होते हैं, इसलिए महाशिवरात्रि के दिन की गई शिव की उपासना से कई गुना अधिक फल प्राप्त होता है। शिव पुराण में बताया गया है कि इसी दिन भगवान शिव ने पहली बार लिंग स्वरूप प्रकट किया था, इसलिए इस तिथि का धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है।


झज्जर। वाल्मीकि चौक पर विश्राम करने के दौरान उपस्थित कांवड़िए।

### बादली एवं खेडी जट्ट गांव में कटिंग व टेलरिंग प्रशिक्षण

## प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को प्रदान किए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

रिलायंस मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप एवं रिलायंस फाउंडेशन द्वारा वीरवार को प्रशिक्षण ले चुके प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। एमईटी प्रोजेक्ट क्षेत्र गांव बादली व खेड़ी जट्ट में जहां कटिंग एवं टेलरिंग केंद्र तथा कलोई गांव में संचालित ब्यूटी कल्चर केंद्र की प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रिलायंस के सीएसआर प्रमुख कर्नल रोमेल राज्याण ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने आशा जताई कि केंद्रों से अर्जित कौशल के माध्यम से सभी महिलाएं अपने करियर में सफलता प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनेंगी। इस मौके पर रिलायंस की ओर से लोकेश कापसे, राजकंवार, अक्षय व चंचल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कर्नल रोमेल राज्याण।

### मदद भी की

प्रवक्ता ने बताया कि महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों के माध्यम से अब तक करीब पांच हजार से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। रिलायंस द्वारा उन्हें अपने बुटीक अथवा दुकान स्थापित करने में भी सहयोग प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बादली केंद्र से ममता, कलोई केंद्र से विशाखा तथा खेड़ी जट्ट केंद्र से पूनम को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**झज्जर।** आयुष मंत्रालय व हरियाणा योग आयोग द्वारा चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत वीरवार को एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार कराया गया। योगा स्पेस्लिस्ट बलदेव, योग सहायक गौतम व प्रवीण ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान व प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि इस कार्यक्रम में छह सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया ने योगा टीम के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार व यौगिक क्रियाएं हमेशा मानव जीवन के लिए बेहतर होती हैं। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, डीपीई अमित लोहचब, विशाल कुमार, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, योगेश पुत्र स्व. श्री अशोक पुत्र श्री राम सिंह निवासी गांव छारा तहसील बहादुरगढ़ जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा भाई नितेश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इससे अपने सम्बंध खत्म करता हूं। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के इससे कोई सम्बंध नहीं है। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, पवन पुत्र इन्द्र सिंह निवासी गांव सिलोठी तह. बहादुरगढ़ जिला झज्जर-124506 बयान करता हूं कि मेरी पुत्री शानु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### वैश्य स्कूल में 12वीं की छात्राओं को दी विदाई

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या विद्यालय में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए कृषि को मिस फेयरवेल, पानु को उत्तम पोशाक, ममता को उत्तम केश सज्जा व अश्मिता को उत्तम मुस्कराहट चुना गया। प्रधानाचार्या ने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने 12वीं की छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्हें जीवन में सदैव अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी का पालन करने की सीख दी। कार्यक्रम में समूह नृत्य, गीत, कविता-पाठ तथा मनोरंजक खेल हुए। सभी छात्राओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।



### सट्टा खाईवाली करता युवक किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नार्कोटिक सैल ने सट्टा खाईवाली के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहपचान विजेंद्र निवासी लाइनपार के रूप में हुई है। आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर गंडासे वाली गली से काबू किया गया। उसके पास से 1520 रुपये व सट्टा पर्चियां बरामद हुईं। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है।

## जिलेभर में आर्य समाज के संस्थापक की 202वीं जयंती मनाई

# 19वीं सदी के सबसे बड़े समाज सुधारक थे महर्षि दयानंद सरस्वती : डॉ. राजवंती शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़/झज्जर

आर्य समाज के संस्थापक और 19वीं सदी के सबसे बड़े समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती जिलेभर के स्कूल और कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शिक्षण संस्थानों में कविताओं, भाषणों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महर्षि दयानंद के जीवन प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया। वक्ताओं ने स्वामी जी के जीवन से जुड़े अनेक रोचक प्रसंगों की जानकारी विद्यार्थियों को दी और उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने पोस्टर बनाकर व स्लोगन लिखकर सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का आह्वान किया।

### धार्मिक अंधविश्वास और कुरीतियों का स्वामी दयानंद ने विरोध किया : डॉ. शर्मा



**बहादुरगढ़।** वीरवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में स्वामी दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती मनाई गई। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती 19वीं सदी के बड़े समाज सुधारक थे। उन्होंने धार्मिक अंधविश्वास और कुरीतियों का विरोध किया। वेदों को सही रूप में समझाया। महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की थी। इतिहास प्रवक्ता डॉ. कुसुम ने बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती का मुख्य उद्देश्य आर्य समाज के सिद्धांतों व वेदों के सत्य ज्ञान को जनसाधारण तक पहुंचाना था। आयोजन में वंदना का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर सुजाता वर्मा, डॉ. शालू शर्मा, डॉ. नेहा नैन, कुसुम, कोमल व डॉ. भारती मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### वैश्य आर्य महाविद्यालय में पोस्टर स्लोगन बनाकर महर्षि दयानंद को किया नमन



**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला कॉलेज में महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती के अवसर पर छात्राओं ने पोस्टर बनाकर व स्लोगन लिखकर सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का आह्वान किया। स्वयंसेविकाओं ने सामाजिक कुरीतियों के विरोध, नारी शिक्षा, समानता, सत्य, नैतिकता, शिक्षा के महत्त्व तथा राष्ट्र सेवा जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाए व प्रेरणादायक स्लोगन लिखे। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों एवं समाज सुधार के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। गतिविधि के दौरान मेघा, दिव्या, लता, निशा, तनु दीपिका, प्रिया दलाई, योगिता आदि स्वयंसेविकाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया तथा महर्षि दयानंद सरस्वती के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

### वेदों के महत्व पर वाद-विवाद और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई

**झज्जर।** डीएच लारेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वूमेन में वीरवार को महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के डायरेक्टर रमेश रोहिला ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने समाज को अंधविश्वास और कुरीतियों से मुक्त कराने की राह दिखाई। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। कॉलेज परिसर में शुद्धिकरण और शांति के लिए सामूहिक हवन का आयोजन किया गया। इसके अलावा छात्राओं के बीच वेदों का महत्व विषय पर वाद-विवाद व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी कराई गई।



### स्पेशल बच्चों ने किया सूर्य नमस्कार

**बहादुरगढ़।** नक्षत्र व आशा किरण स्पेशल स्कूल में वीरवार को महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम किया गया। योग शिक्षिका प्रीति ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था के अध्यक्ष नवीन देसवाल ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन, स्वास्थ्य और मानसिक एकाग्रता का महत्व समझा।

## स्वामी दयानंद सरस्वती ने कुरीतियों, अंधविश्वासों और सामाजिक बुराइयों का विरोध कर समाज को नई दिशा प्रदान की : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

महर्षि दयानंद विद्यालय खुड्डन में आर्य समाज के प्रवर्तक एवं महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की 202वीं जयंती यज्ञ आहुति एवं वैदिक विधि-विधान के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा हवन में आहुति डालकर किया गया। प्राचीन गुरुकुल से आमंत्रित आचार्य खेमचंद एवं उनके शिष्यों द्वारा वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार हवन संपन्न कराया गया। प्राचार्य रामनिवास गहलावत ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने अपने जीवनकाल में समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वासों एवं सामाजिक बुराइयों का विरोध कर समाज को नई दिशा प्रदान की। उनके महान कार्यों एवं समर्पण के लिए प्रत्येक वर्ष उनका जन्मदिवस महर्षि दयानंद जयंती के रूप में मनाया जाता है। अकादमिक इंचार्ज डॉक्टर राजबीर सहवाग ने वेदों की ओर लौटो का संदेश देते हुए उपस्थित जनसमूह को वेदों की महिमा से अवगत कराया।



इस दौरान विद्यार्थियों ने कविताओं, भाषणों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महर्षि दयानंद के जीवन प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया। संस्था प्रधान रमेश डिरोलिया व सचिव सुरेंद्र कोडान ने विद्यालय के नए सत्र एवं वर्तमान शैक्षणिक उपलब्धियों पर आधारित वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया।

## बीके अंजली दीदी ने शिवरात्रि के गहरे आध्यात्मिक रहस्य की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के टीकरी कलां केंद्र पर 90वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद अनिल लाकड़ा ने संस्थान द्वारा समाज में फैलाई जा रही सकारात्मकता की सराहना की। समारोह के दौरान छोटी-छोटी कन्याओं द्वारा प्रस्तुत किए गए स्वागत नृत्य ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर ईश्वरीय स्मृति के रूप में सभी भाई-बहनों को परमपिता परमात्मा का प्रतीक शिव ध्वज' वितरित किया गया।

एचडीएफसी बैंक के मैनेजर महेश ने विशिष्ट अतिथि के रूप में आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। बहादुरगढ़ की मुख्य संचालिका बीके अंजली दीदी ने शिवरात्रि के गहरे आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला। बीके अमृता दीदी ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। बीके रेणु दीदी ने सभी के मंगल भविष्य की कामना की।



बहादुरगढ़। शिवरात्रि का महत्व समझाती बीके अमृता दीदी।


बहादुरगढ़। मांडोठी में रास्ते के उद्घाटन के बाद ग्रामीणों के साथ संजय दलाल।

## मांडोठी में 20 लाख रुपये से बना जोहड़ का रास्ता

**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद संजय दलाल ने मांडोठी के मतड़िया पाने में करीब 20 लाख रुपये से तैयार हुए भीखा वाले जोहड़ के रास्ते का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। संजय दलाल ने बताया कि लगभग 20 लाख रुपये जिला परिषद की तरफ से खर्च किए गए हैं। जिला परिषद के वार्ड नंबर-5 में लगातार चौपाल बनवाने, रास्ते बनवाने, गंदे पानी की निकासी के लिए नाले बनाने व टीन शेड डलवाने के काम करवाए जा रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सतीश पहलवान, समुद्र सिंह, अशोक कुमार, रणबीर फौजी, करम सिंह, संजय मांडोठी, तीरे, राजे मांडोठी, चंदगी, ईश्वर, सुखबीर व राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से


| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

चेयरमैन को प्रमाणपत्र सौंपा

## वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज को मिली एनएबीएच से संपूर्ण मान्यता

- प्रदेश सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारी, ईसीएचएस, सीजीएचएस तथा आयुष्मान भारत योजना से जुड़े लाभार्थियों को कैशलेस उपचार की सुविधा भी उपलब्ध होगी


झज्जर। स्टाफ सदस्यों के साथ एनएबीएच द्वारा जारी प्रमाणपत्र दिखाते हुए चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल गिरावड़ पहले केवल एनएबीएच एंट्री लेवल तक प्रमाणित था, लेकिन अब अस्पताल की समस्त रोगी सेवाएं और संसाधन पूर्ण रूप से नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स द्वारा प्रमाणित कर दिए गए हैं।

संस्थान के डीन डॉक्टर जेसी पासी ने बताया कि यह मान्यता भारत सरकार के क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के अंतर्गत निर्धारित कड़े गुणवत्ता मानकों को पूरा करने उपरांत मिली है जो अस्पताल में उपलब्ध सभी सुविधाओं की गुणवत्ता की आधिकारिक पुष्टि है। उन्होंने बताया कि सभी प्रदेशवासी अस्पताल में मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा प्रदेश सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारी, ईसीएचएस, सीजीएचएस तथा आयुष्मान भारत योजना से जुड़े लाभार्थियों को कैशलेस उपचार की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल को एनेस्थीसिया, दर्द निवारण, आपातकालीन चिकित्सा, सामान्य एवं शल्य चिकित्सा, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, नेत्र रोग, अस्थि एवं जोड़ों की प्रत्यारोपण सर्जरी, बाल रोग, मनोचिकित्सा, रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, रक्त बैंक, फिजियोथेरेपी, फार्मेसी तथा एंबुलेंस सेवाओं सहित अनेक विशिष्ट चिकित्सीय सेवाओं के लिए मान्यता प्राप्त हुई है। डॉक्टर जेपी पासी ने अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह को एनएबीएच द्वारा जारी प्रमाणपत्र भी सौंपा।



## बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य पूर्ण जिम्मेदारी से करें: मनीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधानसभा क्षेत्र में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्वाचन पंजीयन अधिकारी अभिनव सिवाच के निर्देशन में निर्वाचन कानूनगो मनीष ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान किए जाने वाले कार्यों, दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन तथा मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाए रखने से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अतिरिक्त सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी सुनील कौशिक, बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री व जूनियर प्रोग्रामर अरुण भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निर्वाचन कानूनगो मनीष ने सभी बीएलओ से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्रों में घर-घर सत्यापन का कार्य पूर्ण जिम्मेदारी एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न करें।

## अवैध औद्योगिक क्षेत्रों को नियमित करने की प्रक्रिया समझाई

पोर्टल के संबंध में दी जानकारी

# कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने उद्योगपतियों को किया जागरूक

- कम से कम 10 एकड़ के सतत भू-भाग व कम से कम 50 औद्योगिक इकाइयों वाले अनियमित क्षेत्र संयुक्त रूप से पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं आवेदन


बहादुरगढ़। बैठक में उद्यमियों को पोर्टल के बारे में बताते सुदर्शन कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने अवैध औद्योगिक क्षेत्रों को नियमित करने की प्रक्रिया के तहत नायब सरकार द्वारा शुरू किए गए पोर्टल के संबंध में एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। एमएसएमई के ज्वाइंट डायरेक्टर सुदर्शन व दीपक ने इस विषय पर विस्तृत जानकारी उद्यमियों के साथ साझा की। बैठक में बालाजी इंडस्ट्रियल एरिया, सूर्या नगर, एमआईई फ्री होल्ड समेत कई अनियमित क्षेत्रों से उद्योगपतियों ने भाग लिया। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, दीपक शर्मा, पुरुषोत्तम गोयल, सुशील पारीक, अभिषेक, सुशील जैन, अमरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, गुलाब सिंह, दीपक कुमार, लक्ष्मी जिंदल व देबी कांता आदि ने इस मुद्दे पर चर्चा की। सुदर्शन कुमार ने संबंधित पोर्टल की जानकारी देते हुए बताया कि कम से कम 10 एकड़ के सतत भू-भाग व कम से कम 50 औद्योगिक इकाइयों वाले अनियमित क्षेत्र संयुक्त रूप से पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। दीपक ने पोर्टल पर आवेदन करने की संपूर्ण प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से विस्तारपूर्वक समझाया। प्रवीण गर्ग ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे झज्जर जिले के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।



### डीएवी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** यातायात थाना व सेक्टर-6 थाना पुलिस की ओर से डीएवी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी गई। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन पर हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने, निर्धारित लेन में वाहन चलाने, तेज संगीत से परहेज करने तथा सड़क संकेतों का पालन करने आदि विषयों पर बच्चों को जागरूक किया गया। साथ ही नशे की हालत में वाहन न चलाने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन जीवन रक्षा से जुड़ा विषय है। सेक्टर-6 थाना प्रभारी जयभगवान सिंह ने कहा कि नशा शरीर, परिवार व समाज के लिए घातक है।

### शीतल मान बनीं किसान कांग्रेस की ईस्ट-वेस्ट यूपी की प्रभारी, सोनिया गांधी का जताया आभार



**बहादुरगढ़।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने बहादुरगढ़ निवासी शीतल मान को किसान कांग्रेस का उत्तर प्रदेश ईस्ट एवं उत्तर प्रदेश वेस्ट का प्रभारी नियुक्त किया है। इस दायित्व के लिए शीतल मान ने मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कुमारी शैलजा, सुखपाल सिंह खैरा व अखिलेश शुक्ला का आभार व्यक्त किया। शीतल मान बहादुरगढ़ ने कहा कि अखिल भारतीय किसान कांग्रेस को यूपी में पुनर्जीवित करने और कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए वे भरसक प्रयास करेंगी। शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगी। किसानों के हितों की रक्षा और कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता का भरपूर उपयोग करेंगी।